हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 16 नवंबर 2024

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर


तापमान

अधिकतम 31.2 डिग्री

न्यूनतम 19.0 डिग्री



10 यादव समाज ने गोवर्धन पूजा की, कलश व शोभायात्रा...


12 सिंधी समाज ने मनाई गुरुनानक जयंती


# 6 जिले के 389 गांव के ग्रामीण आदिम युग में जीने को मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अलग खबर

बस्तर संभाग के 6 जिलों के लगभग 389 गांव ऐसे हैं, जहां लोग आज भी अंधेरे में जीने को मजबूर हैं। ऐसे गांवों में आजादी के बाद से आज तक बिजली नहीं पहुंच पाई है। आजादी के 77 साल बाद भी यहां के ग्रामीण बिजली जैसी मूलभूत सुविधा से वंचित हैं। कई बार शिकायत करने के बाद भी इनकी सुनने वाला कोई नहीं है। बिजली नहीं होने की वजह से बच्चों को पढ़ाई की समस्या होती है। वहीं किसान भी खेती के लिए पूरी तरह से मौसम पर ही निर्भर हैं। इतना ही नहीं ऐसे गांव घने जंगल में ग्रामीणों को जंगली जानवरों का भी मुकाबला करना पड़ता है। ग्रामीणों के अनुसार बिजली ना होने की वजह से रात के समय कई बार लोग सर्पदंश का शिकार हो जाते हैं। विद्युत कंपनी के अनुसार ऐसे गांव हैं जो पहुंचविहीन दुर्गम सर्वाधिक नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने से अब तक सड़क नहीं बन सकी यही कारण है कि, बिजली नहीं पहुंच सकी।

### 3 जिलों में सबसे ज्यादा गांव अंधकार में

बस्तर जिले में 4, दंतेवाड़ा में 7, बीजापुर में 203, कांकेर में 26, कोंडागांव में 4 और नारायणपुर जिले में 145 गांव हैं जहां बिजली नहीं है। इसमें से बीजापुर जिले के फरसनार, करपे, गर्तुल, अर्रेपल्ली, गुंडापुरी, गुंडनगुर, करकवाड़ा, चिपनपल्ली, जारागुड़ा, छोटेकाकलेर, चेरपल्ली, पिलूर, अन्नापुर, साफीमरका, भंडारपाल, नारायणपुर जिले के हिक्कोनार, टिरकानार, तुरुसमेटा, होड़नार, सुरेर्वाही, अंजरेल, टेमरूगांव, बोरानिरपी, कोडोनार गांव आदि शामिल हैं।

### 77 साल बाद भी ग्रामीण बिजली की सुविधा से वंचित




### ग्रामीणों के पास मोबाइल नहीं

ग्रामीणों ने बताया कि, इसमें से कुछ गांवों में सौर ऊर्जा से रोशनी देने का प्रयास किया है, लेकिन ज्यादातर खराब होने से ग्रामीण अंधेरे में रहते हैं। इसके चलते ग्रामीणों के पास मोबाइल नहीं है, क्योंकि मोबाइल को चार्ज करने के लिए बिजली की जरूरत होती है।

### खंभे व ट्रांसफार्मर पहुंचना मुश्किल

विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक एसके ठाकुर ने बताया कि सड़क बनने से अविद्युतिकृत गांवों में बिजली पहुंचेगी। सड़क नहीं होने से ट्रकों से पोल, ट्रांसफार्मर गांव तक नहीं पहुंच पा रहा है, जिसके चलते बिजली नहीं पहुंच पा रही है।

## खबर संक्षेप



### गढ़िया में धान उपार्जन केंद्र का हुआ शुभारंभ

**लोहण्डीगुड़ा।** लोहण्डीगुड़ा विकास खंड के उपार्जन केंद्र गढ़िया में शुक्रवार को भाजपा मंडल सदस्य के उपस्थिति में धान खरीदी का शुभारंभ हुआ। भाजपा नेता भरत कश्यप ने कहा मुख्यमंत्री विष्णु देव के सुशासन में किसान खुश हैं। हर किसानों का जन-कल्याण योजनाओं में हमेशा से भाजपा की प्राथमिकता रहा है। किसानों का धान समय पर खरीदी हो रही है। इस दौरान सावेंद्र सेठिया, रायधर मौर्य, केदार बघेल, सरपंच पति रमेश कश्यप, विकास खंड अनुविभागीय अधिकारी शंकर लाल सिन्हा, तहसीलदार कैलाश पोयाम, शाखा प्रबंधक दीपाली जैन, धान खरीदी प्रभारी, नोडल अधिकारी, पटवारी समेत संस्था के कर्मचारी उपस्थित थे।

### बैठक से पूर्व अफसर पहुंचे चित्रकोट, लिया जायजा



**जगदलपुर।** कमिश्नर डोमन सिंह, आईजी सुंदरराज पी., कलेक्टर हरिस एस और पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा ने शुक्रवार को चित्रकोट जलप्रपात स्थल पर 18 नवम्बर को आयोजित की जाने वाली बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की बैठक के लिए तैयारी का जायजा लिया। इस दौरान सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को समयपूर्व सुनिश्चित किए जाने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए गए। इस मौके पर सीईओ जिला पंचायत प्रतिष्ठा ममगाई, अपर कलेक्टर सीपी बघेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेश्वर नाग सहित जिला प्रशासन के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### चित्रकोट जलप्रपात 17 व 18 नवंबर को प्रतिबंधित

**जगदलपुर।** अनुभाग लोहण्डीगुडा के ग्राम चित्रकोट में बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की बैठक 18 नवम्बर को मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में होगी। एसडीएम लोहण्डीगुड़ा ने जारी आदेश में कहा है कि दो दिन 17 और 18 नवम्बर को चित्रकोट जलप्रपात को आम जनता और पर्यटकों के लिए प्रतिबंधित किया गया है।

### समाज के नाम पर भ्रम फैलाना अनुचित कोर्ट का निर्णय मान्य

**जगदलपुर।** मसीही समाज के प्रतिनिधि मंडल ने शुक्रवार को कलेक्टर हरिस एस और पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा से मिलकर ब्लेस बस्तर के कार्यक्रम के संबंध में चर्चा की। इस दौरान प्रतिनिधि मंडल ने अवगत कराया कि पूर्व में 8,9 एवं 10 नवम्बर को जो कार्यक्रम प्रस्तावित था उस कार्यक्रम के संबंध में लगे रिट पिटीशन पर उच्च न्यायालय द्वारा निर्णय सुरक्षित रखा गया है, उक्त निर्णय का सम्मान करते हुए मसीह समाज ने न्यायालय के आदेशानुसार ही भविष्य में कार्यक्रम के बारे में निर्णय लेने की बात कही। समाज के प्रतिनिधि मण्डल ने बताया कि जो भी आदेश न्यायालय एवं जिला प्रशासन का होगा उसके अनुरूप ही समाज कार्य करेगा।

प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि कुछ लोग यह भ्रम फैला रहे हैं कि कार्यक्रम नहीं होने के विरोध स्वरूप मसीही समाज के लोग आंदोलन करेंगे या प्रदर्शन करेंगे। इस बात का मसीही समाज ने विरोध किया है समाज के प्रतिनिधियों ने बताया कि मसीही समाज शांतिप्रिय समाज है एवं शहर में शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु कटिबद्ध है। कुछ लोगों द्वारा समाज के नाम पर भ्रम फैलाने का प्रयास किया जा रहा है जो सर्वथा अनुचित है।

**जयंती:** पीएम मोदी ने बिरसा मुंडा की स्मृति में सिक्का और डाक टिकट जारी किया

# जनजातीय समाज के गौरव के संरक्षण व संवर्धन के लिए भावी पीढ़ी हो सक्रिय

- मंत्री केदार कश्यप ने पारंपरिक वेशभूषा, आभूषणों की प्रदर्शनी का किया अवलोकन
- भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन





हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जनजातीय गौरव दिवस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार के जमुई से भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती वर्ष समारोह की शुरुआत की। प्रधानमंत्री मोदी ने उनके सम्मान में एक स्मारक सिक्का और डाक टिकट का अनावरण भी किया और उन्होंने राष्ट्र के नाम अपना संबोधन दिया, जिसका सीधा प्रसारण जगदलपुर के टाउन हाल में वन मंत्री केदार कश्यप की मुख्य अतिथ्य में उपस्थित अतिथियों ने देखा। इस अवसर पर विधायक ▶▶|शेष पेज 10 पर

### आदिवासियों के हितों का संरक्षण जरूरी

कलेक्टर बताया कि वर्ष 2021 को केन्द्रीय मंत्रिमंडल द्वारा 15 नवंबर को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष्य में इसे जनजातीय गौरव दिवस घोषित किया था, तभी से प्रतिवर्ष 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। इस वर्ष कार्यक्रम का थीम "सामाजिक, आर्थिक विकास, आजीविका एवं उद्यमिता, कला-संस्कृति एवं धरोहर, शिक्षा और कौशल विकास, स्वास्थ्य एवं जीवन शैली है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आदिवासियों के हितों का संरक्षण एवं संवर्धन करना है। कलेक्टर हरिस ने बस्तर संभाग के वीर- वीरांगनाओं को नमन करते हुए उनके नाम का उल्लेखित किया और उनके द्वारा स्वतंत्रता संग्राम, संस्कृति तथा जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए किए गए संघर्ष को रेखांकित किया।

### धरोहर बनाए रखने का लें संकल्प

वन मंत्री ने कहा कि आज हम सभी बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती मनाते हुए गौरवान्वित हो रहे हैं। हमारे जनजातीय समाज के महापुरूषों ने देश की आजादी, संस्कृति और जल-जंगल जमीन की रक्षा के लिए अपनी कुर्बानी दी थी। इन जन नायकों के योगदान को सदैव स्मरण रखने सहित जनजातीय परम्परा, संस्कृति, धरोहर को बनाए रखने के लिए हमें संकल्प लेना होगा। हमारी गौरवशाली इतिहास को जानने-समझने सहित संरक्षण-संवर्धन के लिए भावी पीढ़ी को आगे आकर सहभागिता निभाना होगा। जिससे इन वीर शहीदों की स्मृति चिरस्थाई बनी रहे। इस मौके पर विधायक विनायक गोयल ने भी सम्बोधित करते हुए जनजातीय समाज के वीर योद्धाओं के योगदान को रेखांकित किया।

### जनजातीय खानपान का लिया स्वाद

केदार कश्यप ने पारंपरिक वेशभूषा, आभूषण की प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए वेशभूषा का क्रय भी किए। बीएसएनएल के सिम स्टाल में फीताकाट कर विक्रय की शुरुआत किया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने जनजाति समुदाय के नागरिकों द्वारा प्रतिदिन उपयोग की जानी वाली औजार, खानपान, संस्कृति के संबंधित धरोहर के प्रतीकों का अवलोकन किया। इसके साथ ही जनजातीय खानपान का स्वाद भी लिए और स्वास्थ्य विभाग के स्टाल में अपना ▶▶|शेष पेज 10 पर



*लंगर में प्रसाद ग्रहण करने पहुंचे श्रद्धालु*

# हर्षोल्लास के साथ मनाया प्रकाश पर्व





हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर


सिक्ख समुदाय ने हर्षोल्लास के साथ प्रकाश पर्व मनाया । गुरुनानक देव जयंती पर शहर के न्यू बस स्टैण्ड के पास स्थित गुरुद्वारा में अखण्ड पाठ का आयोजन किया गया, 48 घंटे के पाठ के बाद शुक्रवार की सुबह कीर्तन हुआ। इस अवसर पर सिक्ख समुदाय के श्रद्धालु बड़ी संख्या में गुरुद्वारा पहुंच कर मत्था टेक कर अरदास किया। प्रकाश पर्व पर आयोजित लंगर में बड़ी संख्या में लोग शामिल होकर लंगर प्रसाद ग्रहण किए। बताया गया कि गुरुनानक जी की शक्ति अनोखी थी, उन्होंने लोगों को मानवता, एकता और भक्ति का पाठ पढ़ाया, उन्होंने अपने विचार से संगत को निहाल कर दिया। कीर्तन के दौरान वाहे गुरु, वाहे गुरु गाकर सभी को भक्ति में डूबो दिया। गुरुनानक जयंती पर विभिन्न सामाजिक संगठन के लोगों ने गुरुद्वारे पहुंचकर आशीर्वाद लिया।

*महादेव घाट समेत ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों के घाटों में श्रद्धालुओं का लगा रहा तांता*

# कार्तिक पूर्णिमा पर हजारों लोगों ने इन्द्रावती में लगाई डुबकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर शुक्रवार को हजारों लोगों ने इन्द्रावती के महादेवघाट व ग्रामीण क्षेत्रों में आस्था की डुबकी लगाई। रात दो बजे से लोगों का महादेव घाट में आना शुरू हो गया था। इन्द्रावती में स्नान के बाद लोगों ने महादेव के दर्शन कर इन्द्रावती मार्ग पर बैठे गरीबों में चावल व रुपए दान किए। बस्तर अंचल में कार्तिक पूर्णिमा शुक्रवार को धूमधाम से मनाया गया। लोगों ने इंद्रावती एवं अन्य नदियों में आस्था की डुबकी लगाकर श्रद्धा भक्ति के साथ उत्सव मनाया। रात दो बजे से इंद्रावती नदी के महादेव घाट, गंगामुण्डा, चित्रकोट घाट पर कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर लोगों ने आस्था की डुबकी लगाई। इस दौरान लोगों का स्नान के लिए तांता लगा रहा लोग अपनी बारी का इंतजार करते देखे गए। स्नान कर ▶▶|शेष पेज 10 पर



### पवित्र जल से देवी देवताओं का अभिषेक

कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों ने नदी से पवित्र जल लेकर मंदिरों में देवी देवताओं का अभिषेक भी किया। इन्द्रावती स्थित महादेव घाट, नए पुल समेत अन्य घाटों में स्नान उपरांत लोगों ने मंदिरों में देवी देवताओं का अभिषेक कर पूजा अर्चना की।

*प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 का शुभारंभ किया गया*

# गरीबों को पक्का व सर्व सुविधायुक्त आवास मिले : विधायक किरण देव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



शहर के श्यामा प्रसाद मुखर्जी टाउन हॉल में शुक्रवार को प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 का भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने शुभारंभ किया। कार्यक्रम में महापौर सफीरा साहू, विधाशरण तिवारी, एमआईसी सदस्य यशवर्धन राव, योगेंद्र पांडे, आलोक अवस्थी, नरसिंह राव, निर्मल पाणिग्राही, वरिष्ठ पार्षद संजय पांडे, दिगंबर राव, त्रिवेणी रंधारी ,ममता पोटाई, आयुक्त निर्भय कुमार साहू उपस्थित रहे। किरण देव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में सभी वर्गों को पक्के मकान देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, इसी तारतम्य में आज प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 का शुभारंभ किया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना बहुत ही महत्वाकांक्षी योजना है, इस योजना का प्रमुख उद्देश्य देश में गरीब वर्ग के लोगों को पक्का व सर्व सुविधायुक्त आवास मिले। यह कल्याणकारी योजना पूरे देश भर के लिए बनाई गई है, जिसमें सभी वर्ग इस योजना का लाभ ले रहे हैं। प्रधानमंत्री को इस योजना के लिए धन्यवाद देते हैं। योजना के नियम में कुछ बदलाव किए गए हैं जिससे आप सभी हितग्राहियों का इसका लाभ मिल सके। आज से हितग्राहियों का पंजीयन का शुभारंभ हुआ है। इसके लिए सभी वार्डों में शिविर लगाया जाएगा। महापौर सफीरा साहू ने प्रधानमंत्री को इस योजना के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि इस योजना का लाभ अधिक से अधिक ले । आयुक्त निर्भय कुमार साहू ने बताया कि आज से शहर के 48 वार्डों में 2 दिसंबर तक शिविर लगाया जाएगा। शासन द्वारा निर्धारित नियम के अनुसार हितग्राही पंजीकरण ▶▶|शेष पेज 10 पर

**बकावंड एसडीएम ने जांच रिपोर्ट सौंपा कलेक्टर को**

# आंध्र के पीडीएस चावल को नान में खपाने की थी तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बकावंड

विकासखंड बकावंड के ग्राम छोटे देवड़ा के नारायण राइस मिल में पकड़े गए आंध्रप्रदेश के पीडीएस के चावल को नागरिक आपूर्ति निगम में खपाने की तैयारी थी। इसका खुलासा मामले की जांच में हुआ है। जांच रिपोर्ट बकावंड एसडीएम ने कलेक्टर को सौंप दी है। गौरतलब है कि तहसीलदार नीतेश वर्मा, पुलिस और खाद्य विभाग की टीम ने बीते दिनों छोटे देवड़ा की नारायण राईस मिल में रात के समय तीन ट्रकों से अनलोड हो रहे 1500 बोरी चावल को जप्त किया था। टीम ने तीनों ट्रकों को भी जप्त कर लिया है। यह चावल आंध्रप्रदेश के विजयवाड़ा की एक राइस मिल से यहां पहुंचा था। ट्रक ड्राइवर से बरामद ई वे बिल चावल को ओड़िशा ले जाने के लिए कटा था। खबर है कि जप्त चावल आंध्रप्रदेश शासन की सार्वजनिक वितरण प्रणाली का है। राइस मिलर अपने कोटे के शेष बचे चावल के रूप में इसी चावल को छत्तीसगढ़ शासन के नागरिक आपूर्ति निगम में खपाने की फिराक में था, मगर उसके पहले ही मामले का भंडाफोड़ हो गया। मामले की जांच बकावंड एसडीएम और खाद्य विभाग के अधिकारियों ने की थी। मामले की जांच रिपोर्ट बकावंड एसडीएम तिवारी द्वारा बुधवार को बस्तर कलेक्टर हरिस.एस को सौंप दी गई। सुकमा जिले में भी सार्वजनिक वितरण प्रणाली के चावल की अफरा-तफरी का मामला सामने आया था। मामले में कार्रवाई को लेकर तत्कालीन कलेक्टर सुर्खियों में रहे थे। प्रारंभिक जांच में यह पाया गया था कि उक्त चावल सार्वजनिक वितरण प्रणाली का है, जो विजयवाड़ा की स्वस्तिक राईस मिल से ओड़िशा के लिये निकला था। जप्ती के दौरान राईस मिल संचालक द्वारा चावल मंगाये जाने के सबंध में कोई बिल या दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया था। नागरिक आपूर्ति निगम कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार उक्त राईस मिलर द्वारा अनुबंध के अनुसार अपने कोटे का लगभग 600 मिट्रिक टन चावल जमा नहीं कराया गया है। ऐसी खबर है कि दीगर प्रांतों से राशन की चावल प्लास्टिक बोरियों में मंगाकर जूट की बोरियों में पलटी कर और अपनी मिल का सील लगाकर उस चावल को राईस मिलर द्वारा नागरिक आपूर्ति निगम में जमा कराने की तैयारी थी।




### जांच रिपोर्ट कलेक्टर के सुपुर्द

छोटे देवड़ा की राईस मिल में तहसीलदार द्वारा की गई कार्रवाई के संबंध में जांच रिपोर्ट प्राप्त हुई है। जांच रिपोर्ट को कलेक्टर के सुपुर्द किया जा चुका है।

- ऋषिकेश तिवारी
एसडीएम, बकावंड


## पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9131893124

## खबर संक्षेप



### धान के अवैध परिवहन-भंडारण को रोकने के लिए जांच अभियान

**फरसगांव।** खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में धान उपार्जन में अवैध धान के आवक और परिवहन को रोकने के लिए कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार राजस्व विभाग और खाद्य एवं मण्डी विभाग के संयुक्त जांच दल द्वारा आज फरसगांव अनुविभाग के विभिन्न गोदामों में जांच की गई। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व फरसगांव अश्वनी कुमार पुसाम के नेतृत्व में दल ने प्रमुख थोक और फुटकर व्यापारी गोदामों की सघन जांच की गई। जांच के दौरान बाबा राईस मिल फरसगांव में स्टॉक पंजी के अनुसार 1653.51 क्विंटल धान का भौतिक सत्यापन किया गया, लेकिन यहां 1968.51 क्विंटल धान पाए गए, जो कि 315 क्विंटल, 786 बोरा धान भी अनधिकृत रूप से रखा गया था। इसी तरह मे. लखन प्रसाद साहू बड़ेडोंगर के गोदाम में 140 बोरा धान (लगभग 56 क्विंटल) बिना मंडी अभिलेख के पाए गए, जिस पर जांच दल ने मंडी अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए धान को जब्त कर लिया। इस अवसर पर तहसीलदार फरसगांव डॉ. जयकुमार नाग, नायब तहसीलदार सुश्री निधि नेताम, सहायक खाद्य अधिकारी उत्तम जगत, मंडी निरीक्षक हरिशचंद बघेल, हल्का पटवारी फरसगांव पवन कुमार नेताम और हल्का पटवारी बडेडोंगर दिनेश राणा उपस्थित थे।

### जिला बस्तर ओलंपिक 20 से, 2 हजार खिलाड़ी होंगे शामिल




**कोण्डागांव।** जिला स्तरीय बस्तर ओलंपिक के आयोजन की तैयारी के संबंध में जिला पंचायत के सभाकक्ष में बैठक का आयोजन हुआ। इस दौरान जिला पंचायत के सीईओ अविनाश भोई द्वारा सुव्यवस्थित ढंग से जिला स्तरीय आयोजन के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। बैठक में प्रतिभागी खिलाड़ियों के लिए टी–शर्ट की व्यवस्था के साथ आवासीय सुविधा, भोजन, पेयजल, सुरक्षा व स्वास्थ्य सुविधा सहित सभी आवश्यक मूलभूत सुविधा सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया। सभी विकासखंडों से लगभग 2 हजार खिलाड़ी लेंगे भाग–सभी आयोजन स्थलों में चिकित्सा सेवा एवं एम्बुलेंस की व्यवस्था के लिए सीएमएचओ को खेल मैदानों की साफ–सफाई व शौचालय की व्यवस्था के लिए सीएमओ नगरपालिका और परिवहन की व्यवस्था के लिए आरटीओ को जिम्मेदारी सौंपी गई। जिला स्तरीय बस्तर ओलंपिक का आयोजन 20 नवंबर से शुरू हो रहा है जो 22 नवंबर तक चलेगा। इस प्रतियोगिता में जिले के सभी विकासखंडों से लगभग 02 हजार खिलाड़ी भाग लेंगे।

### 40 लाख की धोखाधड़ी करने वाला आरोपी हुआ गिरफ्तार

**जगदलपुर।** जमीन खरीदने के नाम पर नगद व शॉपिंग मॉल से सामान दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को पुलिस ने दुर्ग से गिरफ्तार किया है। आरोपी द्वारा प्रार्थी से 40 लाख 50 हजार रुपए की ठगी की गई थी, जिसे गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी शलभ कुमार सिंन्हा व एएसपी महेश्वर नाग के निर्देश व सीएसपी उदित पुष्कर के पर्यवेक्षण में टीम का गठन किया गया था। मामले में पुलिस ने आरोपी अनिल रावत 43 वर्ष निवासी पुष्पक नगर अंबिका के सामने स्मृति नगर गली दुर्ग को गिरफ्तार किया है। सीएसपी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ थाना बस्तर में धारा 318 (4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर तलाश की जा रही थी। इस दौरान उसकी पतासाजी कर 15 नवम्बर को उसे गिरफ्तार किया गया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया।

# शीतकाल के आगमन के साथ ही निखरने लगा उदयपुर डोंगरी का प्राकृतिक सौंदर्य

## माकड़ी कोंडागांव का यह अनोखा पहाड़, प्रकृति प्रेमियों के आकर्षण का बन रहा है केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिले के माकड़ी विकासखंड में स्थित उदयपुर डोंगरी अपनी अलग पहचान बना रहा है। ठंड के आगमन के साथ ही यह पहाड़ अपने अद्वितीय प्राकृतिक सौंदर्य से नयनाभिराम दृश्य प्रस्तुत कर रहा है, जो पर्यटकों और प्रकृति प्रेमियों को आकर्षित कर रहा है। ठंड के मौसम में इस पहाड़ पर बादलों की सफेद चादर ढंकी होने से दृश्य और भी मनोरम हो जाता है। बरसात से लेकर शीतकाल तक इस स्थान का सौंदर्य अपने चरम पर होता है। जिससे पर्यटकों की संख्या भी इन दिनों में बढ़ जाती है। हालांकि, अभी भी बहुत से लोग इस सुंदर स्थान से अनजान हैं। पहले उदयपुर डोंगरी पर चढ़ने के लिए कोई साधन उपलब्ध नहीं था, जिससे लोग केवल पैदल ही पहाड़ पर चढ़ सकते थे। प्रशासन ने इस पहाड़ पर 450 सीढ़ियों का



### पर्यटन विकास की मांग

*स्थानीय ग्रामीणों ने उदयपुर डोंगरी में पर्यटन सुविधाओं को और बढ़ाने की मांग की है। यहां आने वाले पर्यटकों के लिए बेहतर सुविधाओं की जरूरत को देखते हुए ग्रामीण जागरूक होकर इस प्राकृतिक धरोहर के संरक्षण और संवर्धन के लिए प्रयासरत हैं। शीतकाल में अपनी अद्वितीय प्राकृतिक सुंदरता और धार्मिक महत्व के कारण उदयपुर डोंगरी अब छत्तीसगढ़ के पर्यटन मानचित्र पर तेजी से उभर रहा है।*

निर्माण कर दिया है। जिससे पर्यटक आसानी से ऊपर चढ़कर पहाड़ के शिखर से चारों ओर फैले जंगलों और आसमान का अद्भुत नजारा देख सकते हैं। हर मौसम में अब यहां पहुंचना सुलभ हो गया है। जिससे पर्यटकों का आना–जाना अधिक हो गया है। उदयपुर डोंगरी केवल प्राकृतिक सौंदर्य के लिए ही नहीं, बल्कि अपने धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व के कारण भी प्रसिद्ध है। यहां के लोग 'नवा खाई' धान की नई फसल का उत्सव के दूसरे दिन इस डोंगरी पर देवी–देवताओं की पूजा करने जाते हैं। यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है। इसके अलावा, इस पहाड़ पर एक भव्य शिवलिंग भी स्थापित किया गया है। जिसकी पूजा–अर्चना के लिए लोग अक्सर यहां आते हैं। शिवरात्रि के अवसर पर इस स्थान पर श्रद्धालुओं की संख्या हजारों तक पहुंच जाती है, जिससे यहां का धार्मिक महत्व और भी बढ़ जाता है।

## जिला स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस में 08 गांवों को मिला सामुदायिक वन संसाधन अधिकार पत्र

# प्रधानमंत्री के नेतृत्व में जनजातीय समाज के गौरव में हुई वृद्धि : विधायक चंद्राकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय समारोह में उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण एवं दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर उन्होंने पहले विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का अवलोकन किया। इस अवसर पर विधायक श्री चंद्राकर ने भगवान बिरसा मुंडा को 150वीं जयंती पर नमन किया और उनके योगदान को याद करते हुए कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने देश के हित और जनजातीय समाज की सभ्यता और संस्कृति की रक्षा के लिए अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई लड़ी और अपने प्राणों को न्यौछावर कर दिया। आदिवासी समाज प्रकृति के करीब रहा है। वे सदियों से जंगल को सहेजने का कार्य करते आए हैं। जनजातीय समाज में कई महान व्यक्तित्व और वीरांगनाएं हैं। जिनके याद में यह जयंती मनाई जा रही है। देश की जनजातीय गौरव को बढ़ाने का कार्य प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हुआ है।



**विकसित भारत के निर्माण के लिए विकसित छत्तीसगढ़ का संकल्प** – उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य के सुदूर जनजातीय क्षेत्रें में सड़क, पेयजल, स्वास्थ्य सेवा, आवास, रोजगार और वनोपज को उचित मूल्य देने का कार्य किया जा रहा है। राज्य के दुर्गम क्षेत्र में लोकतंत्र की जड़ें पहुंच रही है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व नियद नेल्लानार योजना के तहत सड़क, पेयजल, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य, संचार और मूलभूत अधोसंरचना दूरस्थ क्षेत्रें तक पहुंच रही है। विकसित भारत के निर्माण के लिए विकसित छत्तीसगढ़ का संकल्प लिया है। इसे सभी की सहभागिता से इस लक्ष्य को प्राप्त किया जाएगा। जिसमें जनजातीय समुदाय की सहभागिता महत्वपूर्ण हैं।

विकास की धारा से छूटे गांवों को चिन्हांकित कर मुख्यधारा में लाने का किया जा रहा हैं प्रयास – कलेक्टर कुणाल दुदावत ने कहा कि जनजातीय गौरव दिवस जनजाति समाज के स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान और बलिदान को स्मृति को समर्पित है। जिससे आज की युवा पीढ़ी उनके बलिदान को जान सके। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों में ग्राम सभा आयोजित कर प्रधानमंत्री जनमन योजना और धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत विकास की धारा से छूटे गांवों को चिन्हांकित कर जनजातीय समुदाय के लोगों को मुख्यधारा में लाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। कलेक्टर ने कहा कि कोण्डागांव जिला आकांक्षी जिला है और इसके अंतर्गत शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, वित्तीय समोवश, कौशल विकास और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति की है।

जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा जिले के 08 गांवों को सामुदायिक वन संसाधन अधिकार पत्र का वितरण किया गया। जिनमें केशकाल विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम कुंए, मिड़दे, रावबेड़ामारी, उपरचंदेली, बावनीमारी, कुदाड़वाही और मस्सूकोकोड़ा खासपारा बड़ेराजपुर के ग्राम बस्तरबुद्रा शामिल है। इसी प्रकार जिले के जनजातीय समाज के 27 लोगों को विभिन्न क्षेत्रें में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित करते हुए स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। नगर पालिका उपाध्यक्ष जसकेतु उसेण्डी ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत की उपाध्यक्ष श्रीमती भगवती पटेल, दीपेश अरोरा, जनपद अध्यक्ष शिवलाल मंडावी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

# मास्टर एथलेटिक्स में सुखदेव कुमेटी ने जीता गोल्ड मेडल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

पश्चिम बंगाल में आयोजित 7वीं इंटरनेशनल मास्टर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में कोंडागांव के शिक्षक सुखदेव कुमेटी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ऊंची कूद में गोल्ड मेडल और लंबी कूद में सिल्वर मेडल हासिल किया। उनकी इस उपलब्धि ने जिले का नाम राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। यह प्रतियोगिता 9 और 10 नवंबर को बंगाल मास्टर्स एथलेटिक्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित की गई थी।

जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम से 33 खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में श्रीलंका, बांग्लादेश, नेपाल सहित भारत के सभी राज्यों की टीमों ने भी हिस्सा लिया। कोंडागांव के स्टेडियम ग्राउंड में सम्मान समारोह आयोजित – सुखदेव कुमेटी के उत्कृष्ट प्रदर्शन ने उन्हें प्रतियोगिता का सितारा बना दिया। उनकी इस उपलब्धि पर कोंडागांव के स्टेडियम ग्राउंड में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार दुबे, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी इरशाद अंसारी, नगरपालिका उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपेश अरोरा और शिक्षा एवं खेल विभाग के अन्य पदाधिकारियों ने उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

सम्मान समारोह के दौरान सुखदेव कुमेटी को उनके उज्ज्वल भविष्य की कमाना की। और खेल के क्षेत्र में उनके योगदान की सराहना की गई। उनकी इस उपलब्धि ने कोंडागांव के युवाओं और एथलीट्स के लिए प्रेरणा का नई मिसाल प्रस्तुत की है।

# जोंदरापदर स्कूल में बिरसा मुंडा की जयंती मनाई गई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

उलगलान क्रान्ति के नायक जल जंगल जमीन के रखवाले क्रांतिकारी कारी जन नायक भगवान विरसा मुंडा जी की 150 वी जन्म जयंती वर्ष पर जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन प्राथमिक शाला जोन्दरा पदर में समारोह पूर्वक किया गया। प्रधान पाठक मधु तिवारी ने जनजाति नायकों शहीद गुण्डाधुर, शहीद गेंद सिंह वीर नारायण सिंह, भगवान बिरसा मुंडा की जीवनी व स्वतन्त्रता आंदोलन में जनजाति नायको के योगदान से बच्चों को परिचित कराया। विशेष रूप से जननायक भगवानबिरसा मुंडा द्वारा आदिवासी उत्थान के लिए किए गए समाज सुधार के कार्य जिससे उन्हें भगवान का दर्जा मिला। उन्होंने शिक्षा का महत्व एकता में रहने का संदेश दिया अंधविश्वास जातिवाद नशा मुक्ति सामाजिक बुराइयों के प्रति जागरूकता फैलाई उनके इसी योगदान को रेखांकित करते हुए 15 नवंबर को जनजाति गौरव दिवस के रूप में मनाया जा रहा है कार्यक्रम में शिक्षिका स्मिता नेताम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# यादव समाज ने गोवर्धन पूजा की, कलश व शोभायात्रा निकाली और किया राउत नाचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगाव

हर वर्ष की तरह ग्राम बाँनगाव में गोवर्धन सेवा समिति द्वारा कार्तिक पूणिमा पर्व के अवसर 15 नवंबर शुक्रवार को क्षेत्र के यादव समाज के द्वारा ब्लाक स्तरीय गोवर्धन पूजा धूमधाम से मनाया गया गया है। बैलगांव और पतोडा के यादव समाज के लोगो ने बच्चों को भगवान कृष्ण बलराम के रूप में सजाकर ग्राम बानगांव के शीतला मंदिर पहुचे, जिनका बानगांव के यादव समाज के लोगो के द्वारा उनका स्वागत किया। जिसके बाद बानगांव में कलश यात्रा और शोभायात्रा गांव में निकाली गई जो कार्यक्रम स्थल गोवर्धन पूजा स्थल तक निकाला गया। समाज के युवा युवतियों ने अपने समाज के पारम्परिक वेशभूसा में राउत नाचा का प्रदर्शन किया। समाज के लोगो द्वारा समाज रिती-रिवाज के साथ पूजा अर्चना करने के बाद गौमाता का पूजा कर गौमता को खिचड़ी खिलाया गया और लोगो को प्रसाद के रूप में खिचड़ी का वितरण किया गया। जिसके बाद गोवर्धन पर्वत परिक्रमा भी किया गया, साथ ही



समाज की पारम्परिक वेशभूषा में समाज युवक युवतियों ने राउत नाचा के साथ कला प्रदर्शन भी किया। रात्रि में बच्चो के लिए रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता कार्यक्रम किया गया। समाज के लोगों ने बताया कि समाज के स्वः देवनाथ यदु और स्वः हलालराम यादव के मार्गदर्शक में बानगाँव मे 1992 से गोवर्धन पूजा प्रारम्भ किया गया जो निरन्तर हर वर्ष जारी है यह 32 वां वर्ष है। सभी के सहयोग से हर वर्ष धूमधाम के साथ गोवर्धन पूजा को मनाया जा रहा है। इस दौरान गोवर्धन सेवा समिति के संरक्षक सुखमन यादव, अध्यक्ष रामचंद्र यादव, उपाध्यक्ष नाथूराम यादव, सचिव जयलाल यादव, राधा कृष्ण मंदिर के सलाहकार लक्ष्मीनाथ यादव, खेमनलाल यादव, पुजारी रामलाल यादव, अध्यक्ष लक्ष्मण यादव, उपाध्यक्ष चैनसिंह यादव, सचिव चितरंजन यादव, रामसुंदर यादव, ग्राम सरपँच श्रीमती श्यामा नेताम, भूतपूर्व सरपँच चन्दन शोरी, मोतीलाल कुलदीप, ग्राम प्रतिनिधि दुकालू नेताम, रामरतन यादव(पतोड़ा), श्यामलाल (बैलगाँव), मनीराम और धनीराम यादव ( मांझीआठगांव), तिहारु नेताम सहित आस पास क्षेत्र के यादव समाज के लोग के साथ अन्य ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्तिथ रहे।

पेज 9 के शेष

### जनजातीय समाज के...

विनायक गोयल, जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप, महापौर सफीरा साहू, पूर्व सांसद दिनेश कश्यप, पूर्व विधायक लच्छूराम कश्यप, बैदूराम कश्यप सहित अन्य जनप्रतिनिधि और कमिश्नर डोमन सिंह, कलेक्टर हरिस एस, पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा, जिला पंचायत सीईओ प्रतिष्ठा ममगाई, नगर निगम आयुक्त निर्भय साहू, सहायक आयुक्त आदिवासी जीएस शोरी सहित अन्य अधिकारी और जनजाति समुदाय के सदस्य तथा स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

### जनजातीय खानपान...

स्वास्थ्य जांच करवाए। कार्यक्रम में शहीद परिवार के सदस्यों को सम्मानित किए, साथ ही जिले के उत्कृष्ट खिलाड़ियों, बस्तरिया वेशभूषा-आभूषण बनाने वाली दल, एफआरए के हितग्राहियों को बीज का मिनी कीट प्रदाय किया।

### कार्तिक पूर्णिमा पर हजारों...

लोगों ने मंदिरों में भगवान के दर्शन कर यथा शक्ति दान पुण्य भी किया। इस दौरान महादेव घाट मार्ग में पार्षद निर्मल पानिग्राही व अन्य वार्डवासियों द्वारा प्रसाद स्वरूप हलवा तथा पंच चौक व महादेव घाट चौक में भक्तों ने स्नान कर लौट रहे लोगों में चाय का वितरण किया जो सुबह तक जारी रहा।

### गरीबों को पक्का व सर्व...

कर इस योजना का लाभ ले सकते हैं। इस मौके पर पंजीयन किये हितग्राहियों का विधायक एवं अन्य तिथियां के द्वारा उनका स्वागत किया गया। इस दौरान प्रभारी कार्यपालन अभियंता गोपाल भारद्वाज उप अभियंता अमर सिंह कश्यप दीपांशु देवांगन एवं निगम के अधिकारी व कर्मचारी व हितग्राही उपस्थित थे।

# शराबी युवक की धमकी से भयभीत छात्रा ने की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

शराबी युवक द्वारा स्कूल जाने पर हत्या करने की धमकी देने से भयभीत स्कूली छात्रा ने अपने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है।

अस्पताल चौकी पुलिस व परिजनों के अनुसार रूद्री थाना क्षेत्र के ग्राम परसतराई निवासी भाग्यश्री साहू पिता टेकेश्वर उम्र 15 वर्ष ग्राम लोहरसी के एक निजी स्कूल में 10वीं कक्षा में पढ़ रही थी। छात्रा के स्कूल आने व जाने के दौरान ग्राम लोहरसी का एक शराबी युवक हमेशा परेशान करता रहता था। बुधवार को भी उक्त युवक ने परसतराई पहुंचकर उसके घर के सामने गाली-गलौज कर छात्रा को गुरूवार को स्कूल जाने पर जान से मारने की धमकी दी थी। युवक की धमकी से छात्रा व परिजन काफी भयभीत हो गये। परिजनों ने गुरूवार को छात्रा को स्कूल नहीं भेजा। पिता व उसकी मां काम करने खेत चले गये। इस दौरान छात्रा घर पर अकेली थी। दोपहर में पिता जब खाना खाने घर पहुंचा तो बेटी को फांसी के फंदे पर लटका पाया। छात्रा के जीवित होने के अंदेशा के चलते परिजनों ने फंदा काटकर छात्रा को नीचे उतार तत्काल उपचार के लिये जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डाक्टर ने चेकअप के बाद छात्रा को मृत घोषित कर दिया। चौकी पुलिस ने मर्ग कायम, पंचनामा व पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है।

### बस्तर में जैविक पैशन फ्रूट की खेती की ओर किसानों का बढ़ा रूझान



**कोण्डागांव।** बस्तर क्षेत्र में एक नई कृषि क्रांति की शुरुआत हो रही है। मां दंतेश्वरी हर्बल समूह की पहल पर बस्तर के किसान अब जैविक पैशन फ्रूट की खेती की ओर रूझान बढ़ रहा हैं। इस फसल को यूरोप और अमेरिका के बाजारों में निर्यात करने की योजना है। बस्तर के दो किसानों, प्रकाश बागड़ी और उत्तम मानिकपुरी ने डॉ. राजाराम त्रिपाठी के मार्गदर्शन में पैशन फ्रूट की खेती शुरू की है। डॉ. त्रिपाठी ने पहले ही काली मिर्च की सफल खेती के लिए किसानों को प्रेरित किया था।



## खबर संक्षेप

### बंधक श्रमिकों को रिहा कराने प्रशासन ने गठित की समिति

**दंतेवाड़ा।** कलेक्टर से प्राप्त जानकारी अनुसार शैलू कुंजाम पिता गोपी कुंजाम, उम्र 19 पता- छोटे हनुमान मुण्डा मुख्यपारा, तहसील-कुआकोंडा के द्वारा आवेदन पेश कर सीताटी में, जिला-नाम्मकक्ल तमिलनाडु में कु. सपना कुंजाम पिता गोपी कुंजाम उम्र-17 एवं कु. सुनिता पोडियाम पिता सन्नू पोडियाम, उम्र-19 को बंधक बनाये जाने संबंधी शिकायत प्राप्त हुआ है। उक्त बंधक श्रमिकों को रिहा कराने हेतु अधिकारी, कर्मचारियों का समिति गठित किया गया है। इस समिति में मनीष कुमार नेताम, श्रम पदाधिकारी दंतेवाड़ा, बादुराम धनकर नायब तहसीलदार, दंतेवाड़ा, पारस दर्रो, श्रम निरीक्षक, दंतेवाड़ा, भीमा राम पिता लखमू, बंधक श्रमिक के भाई सहित गठित समिति को तत्काल बंधक किये गये स्थल रवाना होकर उपरोक्त बंधक श्रमिकों को वापस लाने की कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है।

### प्राचार्य का सम्मानित होना हमारे लिए गर्व की बातः देव



**बीजापुर।** सर्वश्रेष्ठ प्रिंसीपल पुरस्कार के लिए चयन होने पर एकलव्य कोड़ेनार के प्राचार्य जी. शिवा रेड्डी से भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह देव ने गुरूवार को अपने आवास पर भेंट कर बधाई देते हुए प्रदेश और शिक्षा क्षेत्र के लिए इसे गर्व की अनुभूति और अहम उपलब्धि बताई। भारत के 1.5 लाख विद्यालय में से चुने गए 1000 सर्वश्रेष्ठ प्रिंसीपल में छत्तीसगढ़ राज्य के ईएमआरएस कोड़ेनार के प्राचार्य को सम्मानित किया जाना है। इसके लिए भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने प्राचार्य से शिष्टाचार भेंट की और उनकी तारीफ करते हुए कहा कि विद्यालय के लिए एक अच्छा प्राचार्य होना एक अच्छी शिक्षा और समाज के लिए बहुत जरूरी होता है। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व सांसद प्रतिनिधि श्रीनिवास रेड्डी एवं प्राचार्य के परिजन मौजूद रहे।

### बाल दिवस के अवसर पर न्योता भोज का आयोजन



**जगदलपुर।** जगदलपुर ब्लॉक अंतर्गत संचालित स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय नानगुर में बाल दिवस के अवसर पर विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया व साथ में न्योता भोजन कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। बाल दिवस के इस शुभ अवसर पर बच्चों के द्वारा अनेक प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम विधिवत मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गई तत्पश्चात संस्था के प्राचार्य विनोद सिंह भदौरिया ने बच्चों को बाल दिवस की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर संस्था के शिक्षक भीमेंद्र कुमार सेठिया, निकिता बिसेन, शुभांगी झा, जितेश जोशी, विक्की गुप्ता, निधि रावल, प्रियंका मिश्रा, रवि कुमार लहरे, पोनी कुर्रे,दीपिका अग्रवाल, लक्ष्मी गोयल,चुन्नू राम कश्यप एवं अन्य उपस्थित थे।

### उत्साह के साथ मनाया गया जनजातीय गौरव दिवस

# जनजातीय समाज के उत्थान में स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा का योगदान अविस्मरणीयः देव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



एजुकेशन सिटी जावंगा स्थित ऑडिटोरियम में जनजातीय गौरव दिवस उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर आयोजित समारोह में विधायक किरण सिंह देव ने अपने उद्बोधन में कहा कि जनजातीय समाज के उत्थान में स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा के योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। उनके आदर्श और संघर्ष की गाथा आज भी प्रेरणादायक है। उनकी 150वी जयंती को आज पूरा देश मना रहा है। जनजातीय समाज की विरासत सदैव गौरवशाली रही है। इस समाज कभी भी अपने स्वाभिमान से समझौता नहीं किया है। आज जनजातीय गौरव दिवस मना रहे है इसका पूरा श्रेय देश के पूर्व मंत्री स्व. अटल बिहारी को जाता है और देश के विभिन्न 500 अलग-अलग स्थानों में भव्य समारोह आयोजित किए गए है। जनजातीय समाज हमेशा ही देश की स्वतंत्रता के लिए अपनी आहुति दी है फिर वह चाहे वीर शिवाजी हो अथवा महाराणा प्रताप इसके साथ ही उन्होंने बस्तर के भी सेनानी गुंडाधुर के योगदान और भूमकाल विद्रोह का भी जिक्र किया। उन्होंने आगे कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जनजातीय समाज उत्तरोत्तर प्रगति की ओर अग्रसर है शिक्षा, स्वास्थ्य और खेल जैसे विभिन्न कार्यक्षेत्रों में आज जो सकारात्मक परिवर्तन आया है इसका पूरा श्रेय देश के यशस्वी प्रधानमंत्री को है। इसके पूर्व ऑडिटोरियम स्थल में प्रधानमंत्री श्री मोदी के बिहार में के जामूई जिले में आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री द्वारा 66 हजार करोड़ के विभिन्न विकास कार्यो का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया गया। इसके साथ ही जावंगा कार्यक्रम स्थल में राज्य महिला आयोग सदस्य ओजस्वी मंडावी ने भी अपने संबोधन में कहा कि स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा ने आदिवासी समाज में सुधार कर उसे एक नई दिशा दी है। अंग्रेजो द्वारा आदिवासियों के शोषण के खिलाफ आवाज उठाकर इस महान स्वतंत्रता सेनानी सदैव के लिए अमर हो गए है। कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा ने भी जनजातीय समाज को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में शालेय छात्र छात्राओं द्वारा लोकनृत्यों का मनभावन प्रदर्शन भी किया गया। और आगंतुक अतिथियों ने छात्र-छात्राओं उनके प्रस्तुतियों के लिए पारितोषिक एवं प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह दिए। इसके अलावा जिले के सभी विकासखंडों में आदिवासी जनजातीय दिवस उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया था।

इस मौके पर जनपद पंचायत अध्यक्ष सुश्री अंती वेक, सुनीता भास्कर, नगर पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता, जिला पंचायत सदस्य रामू राम नेताम, संगीता नेताम, बैसु मांडवी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं विभाग के अधिकारी, कर्मचारी मौजूद थे।

### संचार सुविधा का मिला ग्रामीणों को लाभ

**बीजापुर।** जिला के सुदूर ग्राम धरमावरम में संचार सुविधा का विस्तार करते हुए जिओ का मोबाइल टॉवर प्रारंभ किया गया है। इस नई पहल से अब इन ग्रामीण क्षेत्रों के निवासियों को मोबाइल नेटवर्क का लाभ मिलना संभव हो गया है। साथ ही मजबूत नेटवर्क एवं इंटरनेट की सुविधा से ग्रामीण अंचल के पढ़ने वाले छात्रों एवं प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले युवाओं को इससे ऑनलाइन पढ़ाई में लाभ मिलेगा। सुरक्षा व्यवस्था के साथ पुलिस एवं प्रशासन द्वारा उठाए गए इस महत्वपूर्ण कदम से क्षेत्र में अब संचार की सुविधा बहाल हो चुकी है। स्थानीय निवासियों को अब आसानी से अपने परिवार के सदस्यों और अन्य व्यक्तियों से संपर्क स्थापित करने का अवसर प्राप्त हुआ है, जिससे उनके दैनिक जीवन में सहजता आई है। इसके साथ ही क्षेत्र में नवीन कैम्प की स्थापना के साथ पामेड़ एवं धरमाराम के मध्य पड़ने वाले नदी चिन्तावागु नदी पर पुल निर्माण का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है। अब क्षेत्र के ग्रामीणों को सड़क एवं संचार माध्यम की सुविधा का लाभ मिलेगा, जिससे इन क्षेत्रों का बाहरी संपर्क मजबूत हुआ है।

### गढ़िया में भाजपा सदस्यों की उपस्थिति में धान खरीदी का शुभारंभ



**लोहण्डीगुड़ा।** लोहण्डीगुड़ा विकासखंड के उपार्जन केंद्र गढ़िया में भाजपा मंडल सदस्य के उपस्थिति में धान खरीदी का शुभारंभ हुआ। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव के सुशासन में किसान खुश है। हर किसानों का जन-कल्याण योजनाओं में हमेशा से भाजपा की प्राथमिकता रहा है। किसानों का धान समय पर खरीदी हो रही है। भाजपा सरकारें जहां भी हैं वहां नहरों नलों से सिंचाई की योजनाएं बना रही हैं। ये भाजपा की सरकार है जो छोटे किसानों के भी खाते में सीधे 3100 रु और हर वर्ष किसानों को किसान निधि का पैसे भेज रही है। इस दौरान भरत कश्यप, सावेंद्र सेठिया,रायधर मौर्य, केदार बघेल,गढ़िया सरपंच पति रमेश कश्यप, विकासखंड अनुविभागीय अधिकारी शंकर लाल सिन्हा, तहसीलदार कैलाश पोयाम, शाखा प्रबंधक दीपाली जैन, धान खरीदी प्रभारी, नोडल अधिकारी, पटवारी, संस्था कर्मचारियों उपस्थित थे।

### अय्यप्पा मंदिर में मण्डल पूजा की तैयारियां शुरू

**जगदलपुर।** शहर के वृंदावन कॉलोनी के निकट स्थित भगवान श्री अय्यप्पा मंदिर में 41 दिवसीय मण्डलव्रत पूजा आगामी 16 नवम्बर से प्रारंभ होगी। 26 दिसम्बर तक होने वाले इस अनुष्ठान के दौरान प्रति दिन पूजा विधान संग भजन कीर्तन और प्रसाद वितरण का कार्यक्रम होगा तथा कुछ विशेष दिनों में विशेष पूजा होगी। अय्यप्पा सेवा संघम ने बताया कि 16 नवम्बर को मण्डलव्रत पूजा का शुभारंभ होगा, इसके पश्चात प्रति दिन सुबह 6.30 बजे निर्माल्य दर्शन, गणपति होम, अभिषेक, उषा पूजा। संध्या 7 बजे दीपाराधना उसके पश्चात शाम 7.15 से 8.30 बजे तक भजन कीर्तन का आयोजन होगा, इसके पश्चात प्रसाद वितरण किया जाएगा। विशेष कार्यक्रमों के तहत 27 नवम्बर को दीपालंकार (पंद्रण्डु विलक्कू), 22 दिसम्बर को भव्य नारायण सेवा अर्थात अन्न दानम और 26 दिसम्बर को मण्डलव्रत पूजा का विधिवत समापन होगा। मंदिर समिति ने नारायण सेवा में सभी भक्तजनों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर महाप्रसाद ग्रहण कर पुण्यार्जन की अपील की है।

***बड़ी संख्या में श्रद्धालु जा रहे शबरी माला:***

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी केरल के शबरी माला स्थित भगवान श्री अय्यप्पा के मुख्य मंदिर में दर्शन के लिए बस्तर अंचल से दर्जनों श्रद्धालु रवाना हो रहे हैं। इसके लिए श्रद्धालुओं ने माला धारण कर कठिन व्रत भी शुरू कर दिया है। इस पूरे व्रत के दौरान वे काला वस्त्र धारण करते हैं। मण्डल पूजा के दौरान और मकर संक्रांति पर ही शबरी माला मंदिर के द्वार खुलते हैं।

### कार्तिक पूजा...



जगदलपुर। बस्तर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम भानपुरी के बड़ेपारा, मावलीगुड़ा, बोडनपाल-2 में कार्तिक पूजा में सांसद महेश कश्यप शामिल हुए।

## ताड़मेटला निवासी मिलिशिया मेंबर ने किया समर्पण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सुकमा जिले के ताड़मेटला निवासी दुलेड़ आरपीसी मेंबर ने गुरूवार को सुकमा मुख्यालय सिति एसपी दफ्तर में बिना हथियार के समर्पण कर दिया। समर्पित नक्सली को शासन की पुनर्वास नीति के तहत सहायता राशि व अन्य सुविधा दी जाएगी।

शासन की नक्सलवाद उन्मूलन, पुनर्वास नीति व नियद नेल्ला नार योजना से प्रभावित होकर तथा अंदरूनी क्षेत्रों में लगातार नवीन सुरक्षा कैम्प स्थापित कर पुलिस के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए नक्सल संगठन में शामिल एक नक्सली ने समर्पण किया।

नक्सली को आत्मससमर्पण के लिए प्रोत्साहित कराने में 223 बटालियन सीआरपीएफ की विशेष भूमिका रही। नक्सलियों के अमानवीय, आधारहीन विचारधारा एवं उनके शोषण, अत्याचार तथा बाहरी नक्सलियों के द्वारा भेदभाव करने तथा स्थानीय आदिवासियों पर होने वाले हिंसा से तंग आकर नक्सली संगठन में सक्रिय सोड़ी माड़का पिता पाण्डू मिलिशिया सदस्य दुलेड़ आरपीसी 34 वर्ष निवासी ताड़मेटला इत्तापारा थाना चिंतागुफा ने नक्सल संगठन को छोड़कर समाज की मुख्यधारा मे जुड़ने के उद्देश्य से गुरूवार को एसपी कार्यालय सुकमा में निरीक्षक रोशन सिंह राजपूत प्रभारी नक्सल सेल एवं निरीक्षक सुजीत कुमार 223 वाहिनी सीआरपीएफ के समक्ष बिना हथियार के आत्मसमर्पण किया गया। सुकमा पुलिस ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि समर्पित नक्सली को छग नक्सलवाद उन्मूलन एवं पुनर्वास नीति के तहत सहायता राशि व अन्य सुविधाएं दी जाएगी।

## नेहरू के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर विधायक ने किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोंड



विधायक लखेश्वर बघेल ने भारत के प्रथम प्रधानमंत्री भारत रत्न पं. जवाहर लाल नेहरू के जन्मदिन बाल दिवस पर सभी बच्चों सहित प्रदेशवासियों को बधाई देते हुए अपने निवास स्थान पर कार्यकर्त्ताओं के सानिध्य में बाल दिवस भी बनाया गया।

बघेल ने कहा कि बच्चे देश के भावी निर्माता होते हैं एक मजबूत पीढ़ी के निर्माण के लिए जरूरी है कि हम बच्चों के शारीरिक, मानसिक, शैक्षिक विकास के साथ नैतिक विकास के बारे में भी सोचें, अपनी संस्कृति और सभ्यता से उनका परिचय कराएं बाल दिवस बच्चों के पोषण, शिक्षा, विकास और चरित्र निर्माण के लिए सोच-विचार करने और आवश्यक कदम उठाने का दिन है। बस्तर विधायक ने कहा कि पंडित नेहरू के पदचिन्हों पर चलते हुए कई निर्णय लिये हैं कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल शुरू किए गए, इसी तर्ज पर हिन्दी मीडियम स्कूल भी शुरू किये, बच्चों में कुपोषण को दूर करने के लिए पूर्व सरकार ने प्रदेश में मुख्यमंत्री सुपोषण योजना शुरू की थी, इससे लगभग दो लाख से ज्यादा बच्चे कुपोषण से मुक्त हो गए थे। इस दौरान तुलाराम सेठिया, कमलकिशोर दुबे, उषा ठाकुर, सौरभ मंडल, जितेंद्र तिवारी, जागेंद्र जीराम, हरीशचंद्र पूरी, राजेश कुमार, गुलेश पंत, गोविंद सोनी, परमानन्द, प्रदीप ठाकुर, मेघनाथ नेताम एवं समस्त कर्मचारीगण व कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

## धूमधाम से मनाया गया बाल दिवस और गुरु नानक जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय गीदम में बाल दिवस और कार्तिक पूर्णिमा गुरु नानक जयंती के उपलक्ष्य में भैया बहनों के मध्य भाषण, चित्रकला, रंगोली, निबंध प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। भैया बहनों ने बखूबी ढंग से अपने विचार प्रस्तुत किये। प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के जन्म दिवस पर भैया बहनो ने अंग्रेजी व संस्कृत में अपने विचार व्यक्त करते हुए कविता के माध्यम से भी उनकी जयंती को उत्साह पूर्वक मनाया। आचार्य व दीदीयो ने भी भैया बहनों को दोनों महापुरुषों के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नेहरू जी बच्चों से व गुलाब के फूल से बहुत प्यार करते थे आजाद भारत के प्रथम प्रधानमंत्री बनने के बाद देश की बागडोर को संभाले और एक नई दिशा देते हुए विकास की मंजिल तक पहुंचाए। 14 नवंबर 1889 को प्रयागराज में नेहरू जी का जन्म हुआ। महात्मा गांधी के साथ मिलकर देश को एक नई दिशा दी। कार्तिक मास के पूर्णिमा को सिखों के प्रथम गुरु, गुरु नानक जी का जन्म दिवस मनाया जाता है। गुरु नानक देव सिख संप्रदाय को जोड़कर सबको एकता के सूत्र में बांधने का प्रयास किया। गुरु नानक देव जी का जन्म वर्तमान में पाकिस्तान के तलवंडी ग्राम में हुआ था।




## शिक्षा और विकास के साथ मूल्यों की भी अहमियत को समझना जरूरी : प्राचार्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बाल दिवस के अवसर पर स्कूल में एक रंगीन सभा का आयोजन किया गया, जिसमें प्राचार्या एवं छात्रों ने पं.जवाहरलाल नेहरू को पुष्पांजलि अर्पित की और बच्चों के कल्याण के प्रति उनके योगदान के लिए आभार व्यक्त किया। प्राचार्या डॉ. रानी मैथ्यु ने सभा को संबोधित किया, जिसमें उन्होंने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि शिक्षा और विकास के साथ-साथ मूल्यों की भी अहमियत को समझना ज़रूरी है। सभा के बाद छात्रों के लिए विभिन्न खेलों और गतिविधियों का आयोजन किया गया, जो टीमवर्क और खुशी को बढ़ावा देने का माध्यम बने। पूरे कैंपस में जोश और उत्साह का माहौल था क्योंकि बच्चे मित्रवत प्रतियोगिताओं में भाग ले रहे थे। एनएमडीसी डीएवी आरपीएस धनपुंजी के छात्रों ने 14 नवंबर को अपने कुछ शिक्षकों के साथ आशा आश्रम, पल्लीगांव, धरमपुरा का दौरा किया, जो 30 अनाथ बच्चों का घर है। ग्रुप ने सुबह 10:30 बजे के आस-पास आश्रम पहुंचे। उस समय आश्रम के बच्चे एक एनजीओ के साथ व्यस्त थे, और एनएमडीसी डीएवी आरपीएस धनपुंजी के छात्र उन्हें देखकर उन गतिविधियों का हिस्सा भी बने। फादर बीजॉय जोस ने छात्रों से बातचीत की।

## जवाहर नवोदय विद्यालय के छात्रों ने सीखे कृषि की बुनियादी जानकारियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम




जवाहर नवोदय विद्यालय बारसुर के छात्रों ने कृषि विज्ञान केंद्र केवीके गीदम दंतेवाड़ा का शैक्षिक भ्रमण किया। इस दौरान छात्रों ने कृषि के विभिन्न पहलुओं और तकनीकों के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को कृषि से जुड़े नवीनतम वैज्ञानिक दृष्टिकोण से अवगत कराना था, जिससे वे खेती के नए और उन्नत तरीकों को समझ सकें।

कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. प्रवीण कुमार निषाद द्वारा छात्रों को प्रक्षेत्र भ्रमण कराया एवं छात्रों को जैविक खेती, पौध संरक्षण, सिंचाई की आधुनिक विधियों, जल प्रबंधन एवं उन्नत कृषि यंत्रों जैसे कि ट्रैक्टर, हार्वेस्टर, सीड ड्रिल, पंप सेट और स्प्रेयर के बारे में विस्तार से बताया। छात्रों ने केंद्र के क्रॉप कैफेटेरिया में लगी विभिन्न फसलों का भी निरीक्षण किया और उनकी खेती के तरीकों की जानकारी प्राप्त की। इसके साथ ही प्रक्षेत्र की विभिन्न इकाई जैसे मुर्गी पालन, मछली पालन, मशरूम उत्पादन इकाई, डेयरी, बकरी पालन, कृषि मौसम वेधशाला, केचुवा खाद इकाई व उत्पादन करने की प्रक्रियां को विस्तृत रूप से बताया गया। छात्रों को प्रसंस्करण इकाई दिखाया गया जहां मिलेट, तिखुर, चिरौंजी के प्रसंस्करण के बारे में भी बताया गया। छात्रों ने इस अवसर पर कई सवाल भी पूछे, जिन्हें केंद्र के वैज्ञानिकों ने बारीकी से समझाया। इस भ्रमण से छात्रों को कृषि के क्षेत्र में संभावनाओं और आधुनिक खेती के लाभों को जानने का अवसर मिला।

### छिंदबहार में मनाया गया बाल दिवस




दरभा। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छिन्दबहार में भव्य रूप से बाल दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्व प्रथम पंडित जवाहरलाल नेहरू की छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। व्याख्याता डॉ.अखिलेश त्रिपाठी ने बताया कि देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिन को हर साल बाल दिवस के तौर पर मनाया जाता है। व्याख्याता दीनबंधु नाग ने कहा कि पंडित नेहरू जो खुद बच्चों से बहुत प्यार करते थे। और उनके जन्म दिन को बच्चों को बाल दिवस के रूप में समर्पित किया गया। व्याख्याता तुलादास मानिकपुरी ने कहा कि बच्चे देश के भविष्य हैं। इसलिए बच्चों को हमेशा सकारात्मक सोच के साथ कार्य करते हुए आगे बढ़ना चाहिए। व्याख्याता राजेश गुप्ता ने बताया कि नेहरू जी को बच्चे चाचा नेहरू कहकर पुकारते थे साथ ही प्रेरित किया कि देश के प्रथम प्रधानमंत्री के महान आदर्शों को आत्मसात करना चाहिए।














विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### सांसद महेश ने सच्चिदानंद स्वामी का लिया आशीर्वाद



**जगदलपुर।** मैसूर, कर्नाटक के अवधूत दत्त पीठ के पीठाधिपति गणपति सच्चिदानंद स्वामी महाराज से शुक्रवार को सांसद महेश कश्यप ने शिष्टाचार भेंटकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

### दीपशिखा का राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में चयन

**जगदलपुर।** हम अकादमी सीनियर सेकेंडरी सीबीएसई स्कूल की छात्रा



दीपशिखा दीवान, कक्षा 12 का चयन राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता (अंडर 19) की बास्केटबॉल टीम में हुआ है। इस सफलता में व्यायाम शिक्षक तौसीफ इम्तियाज के कुशल मार्गदर्शन और प्रशिक्षण ने दीपशिखा को बास्केटबॉल के तकनीकी कौशल और मानसिक दृढ़ता में निपुण बनाया। शाला के संस्थापक अध्यक्ष हनीफ बरबतिया निर्देशक साहिल और प्राचार्य सच्चिदानंद जोशी ने इस उपलब्धि को शाला और पूरे बस्तर जिले के लिए एक ऐतिहासिक क्षण बताया। फाइनल प्रतियोगिता 20 से 26 नवंबर तक पंजाब के पटियाला में आयोजित की जाएगी। यह प्रतियोगिता देश के सबसे प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ियों को अपने कौशल का प्रदर्शन करने का अवसर प्रदान करती है।

### टारजन गुप्ता चुने गए प्रांताध्यक्ष




**जगदलपुर।** बस्तर जिले के टारजन गुप्ता एक बार फिर स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष नियुक्त किए गए। इस चुनाव में बस्तर जिला के स्वास्थ्य संयोजक पंकज सेठिया, संभाग अध्यक्ष सौरभ गौड़, संभाग उपाध्यक्ष रामनाथ कश्यप, जिला सचिव शिव भंडारी, जिला महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष आशा दान, जिला माहिला सदस्य अनिता कश्यप, जिला कोषाध्यक्ष एचआर माली उपस्थित हुए। उक्त जानकारी जिला मिडिया प्रभारी दिनेश पराते द्वारा दी गई।

## पारा-टैक्सोनॉमी व जैव विविधता संरक्षण पर प्रशिक्षण

# स्थानीय समुदाय को सशक्त बनाने महत्वपूर्ण कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर




छत्तीसगढ़ राज्य जैव विविधता बोर्ड और भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण संस्थान कोलकाता के संयुक्त तत्वावधान में जगदलपुर वन वृत के इच्छुक स्थानीय लोगों के लिए जैव विविधता संरक्षण और पारा-टैक्सोनॉमी पर प्रशिक्षण एवं कौशल विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम 27 नवंबर तक जारी रहेगा। इस अवसर पर राज्य जैव विविधता बोर्ड के सचिव राजेश चंदेल ने बताया कि 200 हेक्टेयर से बड़े तालाबों और जलाशयों को वेटलैंड संरक्षण के अंतर्गत लाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि राज्य के महत्वपूर्ण जल निकायों, जैसे कोपरा, गिधवा और दलपत सागर को रामसर साइट घोषित करने के लिए प्रबंधन योजना एवं फंडिंग के साथ सर्वेक्षण कार्य आरंभ किया गया है। चंदेल ने बताया कि जैव विविधता सर्वेक्षण में स्थानीय समुदाय की सहभागिता को प्रोत्साहित करने के लिए पारा-टैक्सोनॉमी प्रशिक्षण के माध्यम से उन्हें सर्वेक्षण कार्य में शामिल किया जाएगा। इस अवसर पर एसेस बेनिफिट शेयरिंग के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। राज्य में अब तक 1.20 लाख जैव विविधता प्रबंधन समितियां पंजीकृत की जा चुकी हैं, जो जैव विविधता संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। कार्यक्रम के पहले दिन मुख्य वन संरक्षक आरसी दुग्गा, शहीद गुण्डाधुर एग्रीकल्चर कॉलेज के डीन नाग, हार्टिकल्चर कॉलेज के प्रमुख और तोकापाल कॉलेज के सहायक प्राध्यापक ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। साथ ही छत्तीसगढ़ राज्य जैव विविधता बोर्ड की वैज्ञानिक डॉ. नीति द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है, उनकी टीम भी साथ में प्रशिक्षण देने आई हुई है। इस कार्यक्रम के पहले दिन 90 से अधिक प्रतिभागी शामिल हुए, जिनके रहने और भोजन की व्यवस्था वन विद्यालय में की गई है। कार्यक्रम जैव विविधता संरक्षण में स्थानीय समुदाय को सशक्त एवं शिक्षित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसका उद्देश्य छत्तीसगढ़ के वन्यजीवों एवं प्राकृतिक संसाधनों के सतत संरक्षण में सहयोग प्रदान करना है।

### रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे

कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के निदेशक चूड़ामणि सिंह ने पर्यटकों और स्थानीय गाइडों के बीच बेहतर संबंध स्थापित करने की आवश्यकता पर बल दिया। बताया कि इस पहल से स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

### लाख पालन पर जोर

मुख्य वन संरक्षक आरसी दुग्गा ने कार्यक्रम में भाग ले रहे प्रतिभागियों को स्थानीय संसाधनों के आधार पर रोजगार सृजन के अवसरों का लाभ उठाने और लाख पालन जैसी गतिविधियों को अपनाने पर जोर दिया।

# सिंधी समाज ने मनाई गुरुनानक जयंती




हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सिंधी समाज ने शुक्रवार को गुरुनानक जयंती उत्साह से मनाई। इस अवसर पर सिंधी समाज द्वारा बहुत से आयोजन किए गए, सुबह भजन कीर्तन किया गया। इसके बाद पल्लव, आरती, अरदास, प्रसाद वितरण सिन्धी गुरुद्वारा में किया गया। साथ ही गुरुनानक जन्मोत्सव शोभायात्रा शाम को गुरुद्वारा से निकली, जो झूलेलाल मार्ग, कोतवाली चौक, मैन रोड, गोल बाजार, गुरुनानक चौक, संजय बाजार से चांदनी चौक होते हुए गुरुद्वारा पहुंची, पूरे रास्ते में प्रसाद वितरण एवं आतिशबाजी की गई।

## गुरुद्वारा में टेका मत्था...



**जगदलपुर।** सिख धर्म के प्रथम गुरु गुरुनानक देव के प्रकाश उत्सव के अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव शुक्रवार को गुरूद्वारा पहुंचकर मत्था टेका। उन्होंने कहा कि गुरू नानक देव ने लोगों को सत्य के मार्ग पर चलने की राह दिखाई थी जिसका हमें अनुशरण करना चाहिए।

# हमेशा की तरह हर समस्याओं से मिलकर लड़ेंगे : नवनीत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा एवं जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे ने निकाय चुनाव के मद्दे नजर, जगदलपुर शहर के महेंद्र कर्मा वार्ड में वार्ड चौपाल लगा जनता की समस्या को सुना। उन्होंने वार्ड में विकास के साथ वहां व्याप्त समस्याओं पर वार्डवासियों से चर्चा की। लोगों ने खुलकर अपनी बात कही। आम जनता के बीच से ही पार्षद चुनाव के लिए उम्मीदवार चुनने की प्रक्रिया प्रारंभ करेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा और कांग्रेस को सब देख चुके अब जनता को वर्षों के समस्याओं से निजात चाहिये इसके लिए जनता के साथ हम मिलकर लड़ेंगें। इस अवसर में पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

- **जनता कांग्रेस ने महेंद्र कर्मा वार्ड में लगाया चौपाल**

# संभाग के 382 में 116 केंद्रों में हो चुकी खरीदी

हरिभूमि न्यूज : जगदलपुर

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का श्रीगणेश हो चुका है। पहली बार इस साल खरीदी के पहले दिन से ही किसान अपने उपार्जन बेचने पूर्व से ही टोकन काट लिया था, जिसके चलते धान हसानी से खरीदी केंद्रों में कांटा किया जा रहा है। बस्तर संभाग के कांकेर जिले में पहले दिन से रिकॉर्ड खरीदी दर्ज की गई। शुक्रवार को दूसरे दिन तक इस जिले में अब तक 4146 क्विंटल धान 34 खरीदी केंद्र में विक्रय हुआ है। इधर बस्तर जिले में भी पहली बार इस वर्ष पहले ही दिन किसान धान बेचने उपार्जन केंद्र पहुंचे। आज दूसरे दिन बस्तर जिले के कुल 79 में 23 केंद्रों में 768 क्विंटल धान किसानों के द्वारा बेचा गया है।अचरज की बात है,कि इस वर्ष सम्भाग के सभी जिले में धान की बोहनी खरीदी के शुरुवाती दिनों में दर्ज की गई है। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के मुताबिक संभाग में अब तक 6665 क्विंटल धान खरीदी की जा चुकी है।

- **कांकेर जिले में पहले दिन से रिकॉर्ड खरीदी दर्ज**

### केंद्रों में जुट रही भीड़

बताया जा रहा है,इस वर्ष सम्भाग के हर जिले में किसानों की भीड़ उपार्जन केंद्रों में देखा जा रहा है। छग सरकार किसानों को धान का समर्थन मूल्य प्रति क्विंटल 3100 रुपये तय करने से किसानों में भारी उत्साह है। यही कारण है,कि अधिकांश किसान इस खरीफ सीजन में अर्ली वैरायटी का फसल पर जोर दिया। इसलिए समय पर कटाई कर किसान अपने उपज बेचने खरीदी केंद्र पहुंच रहे है।

# भतरा समाज का संभागीय अध्यक्ष बनने गांव-गांव में वोट मांग रहे शंभूनाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भतरा समाज में हाटगुड़ा और दाबगुड़ा दो अलग-अलग खेमा अपने-अपने पंजीयन और बॉयलाज के अनुसार काम कर रहा है। 17 नवम्बर को संभागीय अध्यक्ष बनने के लिए शंभूनाथ कश्यप गांव-गांव जाकर लोगों से समर्थन मांग रहे हैं। वहीं भतरा समाज विकास परिषद धुरगुड़ा, हाटगुड़ा ने अपने को इस चुनाव से अलग कर लिया है। शंभूनाथ कश्यप संभागीय भतरा समाज कल्याण समिति दाबगुड़ा से जुड़े हैं। दोनों खेमा अलग-अलग तरीके से सामाजिक कार्य में लगा हुआ है। भतरा समाज विकास परिषद के अध्यक्ष रतन कश्यप ने जारी बयान में कहा कि 17 नवम्बर को होने वाले चुनाव के किसी भी गतिविधि में हम शामिल नहीं होंगे। शंभूनाथ कश्यप संभागीय अध्यक्ष मनोनीत मानकर गांव-गांव में प्रचार-प्रसार कर रहे हैं जो भ्रामक है उनसे हमारा कोई लेना-देना नहीं है। दोनों का पंजीयन और बॉयलाज तथा संभागीय कार्यालय अलग-अलग है। समाज के सामाजिक विकास और उत्थान के कार्य के लिए दोनों संस्था अलग-अलग कार्य करने के लिए स्वतंत्र हैं। उन्होंने कहा कि भतरा समाज विकास परिषद बस्तर संभाग धुरगुड़ा, हाटगुड़ा का पंजीयन 29 अप्रैल 2013 को हुआ है और नियमानुसार विशेष साधारण सभा बैठक आयोजित कर समयावधि में चुनाव कराया जाएगा।

उन्होंने बताया कि पिछले 10 नवम्बर को कौड़ावण्ड में बैठक रखी गई थी जहां दोनों समिति के सदस्यों को पहुंचना था। हमारे लोग दोपहर तक इंतजार किए लेकिन दाबगुड़ा का कोई भी पदाधिकारी उपस्थित नहीं हुआ। इसी तरह 6 नवम्बर को भी बैठक हुई उसमें भी उनके लोग नहीं पहुंचे। इस तरह दोनों के बीच एकजुटता की कोशिश सफल नहीं हुई इसलिए 17 नवम्बर को होने वाले चुनाव में हमारी ओर से कोई भी शामिल नहीं होगा।

- **समाज का दूसरा खेमा चुनाव से दूर हटा**

# कार्तिक महोत्सव में शामिल हुए विधायक किरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

वार्षिक कार्तिक महोत्सव पर जगदलपुर विधानसभा के ग्राम मंगडूकचौरा,डोंगम, कादुंलगुड़ा में आयोजित पूजा कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव शामिल हुए। उन्होंने भगवान कार्तिक की पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस दौरान विधाशरण तिवारी, मनोहर तिवारी, रजनीश पाणिग्राही, मंडल अध्यक्ष सुब्रतो विश्वास, सतीश सेठिया, राधे सेठिया, विनोद सेठिया, लखींधर बधेल, राम केसरी, उदय दुबे, पुजारी रविनाथ, रूपेश समरथ, रमेश ठाकुर, डमरू पटेल, सुखधर समेत अन्य उपस्थित थे।

## शोक संदेश



**श्रीमती मीरा मौर्य**

अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि
श्रीमती मीरा मौर्य (पति स्व. डॉ. के.आर.मौर्य)
का निधन दिनांक 08.11.2024, दिन शुक्रवार को हो गया है।
जिनकी आत्मा की शांति के लिए दशगात्र कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है।
उक्त कार्यक्रम में पधारकर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें।
विधि के विधान के आगे हम सब नतमस्तक है।

**कार्यक्रम**
दिनांक- 17.11.2024, दिन रविवार
शांतिभोज- दोपहर 12.00 बजे
स्थान- निवास स्थान, पुराना हाउसिंग बोर्ड कालोनी, धरमपुरा, जगदलपुर

शोकाकुल- खितेश मौर्य (पुत्र), अंकिता मौर्य (पुत्री)
एवं समस्त मौर्य परिवार







